कार्यालय : लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या : 777/11/ई-1/2022-23
दिनांक : प्रयागराज, 05 जनवरी, 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.01.2023 को मा0 मुख्यमंत्री द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग में आवेदन के लिए **एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0)** व्यवस्था तथा आयोग की नयी वेबसाइट का लोकार्पण कर दिया गया है।

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के व्यापक हित में चयन हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक, सरल, सुगम बनाने की दृष्टि से एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0) की सुविधा प्रदान की गयी है। इस सुविधा के प्रारम्भ होने से अभ्यर्थियों को बहुत सारे लाभ हैं मुख्यतः :-

(i)अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा भविष्य में विज्ञापित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के लिये अपनी शैक्षिक अर्हता एवं मूलभूत सूचनाओं से सम्बन्धित अभिलेख का विवरण बार-बार भरे जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

(ii)नये आवेदन पत्र भरने में समय की बचत के साथ अभ्यर्थियों के धन की भी बचत होगी और स्वयं समीक्षा कर उन्हें त्रुटि सुधार का अवसर रहेगा।

(iii)जल्दबाजी में गलत सूचना भरने के कारण या अंतिम समय में तकनीकी परेशानियों से निजात मिलेगी।

वर्तमान में **एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0)** प्रक्रिया आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर यथास्थान क्लिक करके वांछित सूचनाएं भरकर पूर्ण की जा सकती है। अभ्यर्थीगण **एकल अवसरीय पंजीकरण (ओ0टी0आर0)** प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे भविष्य में होने वाले विज्ञापन में आवेदन करने में उन्हें कोई असुविधा न हो। उक्त संबंध में महत्त्वपूर्ण बिन्दु निम्नवत् हैं :-

(1)-ओ0टी0आर0 किसी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं है। यह केवल आवेदकों की सूचना का संग्रह है, जिसके माध्यम से आवेदक को अपनी प्रोफाइल बनाये रखने की सुविधा हेतु अलग डैशबोर्ड प्रदान किया जायेगा।

(2)-आयोग की विभिन्न परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए ओ0टी0आर0 अनिवार्य होगा, जिसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। उम्मीदवारों द्वारा एक बार ओ0टी0आर0 संख्या प्राप्त होने के बाद केवल आवश्यक/अधिमान्य योग्यता/अनुभव विवरण भरते हुए आयोग द्वारा जारी किसी भी विज्ञापन के तहत निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन किया जा सकता है।

(3)-उम्मीदवारों को अपनी शैक्षिक अर्हता व अपनी मूलभूत सूचनाओं से सम्बन्धित अभिलेख ओ0टी0आर0 प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करते समय अत्यधिक सावधानीपूर्वक अपलोड करने होंगे, जिससे भविष्य में होने वाली जटिलताओं से बचा जा सके। अभिलेखों को अपलोड कर दिये जाने के उपरान्त इन अभिलेखों को बार-बार अपलोड किये जाने की आवश्यकता नहीं होगी। शैक्षिक अर्हता अथवा अनुभव आदि के विवरणों में परिवर्तन होने पर अभ्यर्थी विवरण (Profile) को अपडेट (Update) किया जा सकता है व उनसे सम्बन्धित नये अभिलेख अपलोड किये जा सकते हैं।

उपरोक्त ओ0टी0आर0 के आधार पर 31 मार्च, 2023 तक वैकल्पिक रूप से अधिक से अधिक अभ्यर्थी इस पर रजिस्ट्रेशन करें, जिससे भविष्य में होने वाले विज्ञापनों के सन्दर्भ में प्रक्रियाओं की अनुपालना में सुगमता हो। इस सन्दर्भ में यह समीचीन होगा कि 01 अप्रैल, 2023 के बाद जारी सभी प्रकार के विज्ञापनों में ओ0टी0आर0 अनिवार्य होगा। अतः इस प्रकिया की उपादेयता के दृष्टिगत सभी अभ्यर्थी इस ओ0टी0आर0 प्रकिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

आयोग की नई वेबसाइट में भर्ती से सम्बन्धित समस्त अद्यतन सूचनाओं का समावेश करने का प्रयास किया गया है ताकि समस्त अभ्यर्थियों को एक ही पोर्टल पर यथा–आवेदन, परीक्षा, परीक्षा–परिणाम, साक्षात्कार, चयन, कट ऑफ मार्क्स, पुराने प्रश्न–पत्र, आर0टी0आई0 (सूचना), शिकायतों का निस्तारण एवं आयोग से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं प्राप्त हो सकें। उक्त संबंध में सूच्य है कि आयोग की नयी वेबसाइट का पुरानी वेबसाइट से एकीकरण (Integration) किये जाने संबंधी कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसके कारण अभ्यर्थियों हेतु नयी वेबसाइट की सुविधा अतिशीघ्र उपलब्ध होगी।

/

(आलोक कुमार)
सचिव